
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA
NATIONAL CADET CORPS
1 HAR. GIRLS BN. AMBALA CANTT.
IELTS
STUDY VISA
S.K
Creation






ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA
NATIONAL CADET CORPS
GPS Map Came
Shahzadpur, Haryana, India
5VC8+J54, Subhash Nagar, Shahzadpur, Haryana
136135, India
Lat 30.171614°
Long 76.865635°
25/01/23 01:32 PM GMT +05:30


ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA
NATIONAL CADET CORPS
1 HAR. GIRLS BN. AMBALA CANTT.


NATIONAL CADET CORPS

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1968

Ref. No. 801/अ०क०म०/2023/12430

Date 25 जनवरी, 2023

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान

आज आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मॉ०) में नोडल ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एन०सी०सी० कैडेट्स द्वारा 'वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट देता हूँ' थीम को लेकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदान अधिकार और मतदाता के रूप में उनकी जागरूकता फैलाना है। उन्होनें कहा कि किसी भी लोकतन्त्र का आधार मतदान है। अतः मतदाता को निष्पक्ष होकर देश के हित के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होनें सभी छात्राओं और शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग को मत देने की शपथ दिलवाई। नोडल ऑफिसर तथा एन०सी०सी० ऑफिसर लै० ज्योति शर्मा ने मतदाता दिवस के बारे में विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि सन् 1950 में भारत के चुनाव आयोग की स्थापना दिवस को चिह्नित करते हुए वर्ष 2011 के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा इसका शुभारंभ किया गया तब से लेकर प्रतिवर्ष इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उददेश्य है कि 18 साल से ऊपर का प्रत्येक नागरिक देश–हित के लिए सदचिन्तन करें और मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण अवश्य करवाएँ। उन्होनें आहवान किया कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह क्षेत्र, जातिवाद एवं परिवारवाद से ऊपर उठकर किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आकर सम्पूर्ण देश के हित हेतु पूर्ण–उत्साह के साथ मतदान करें। एन०सी०सी० कैड्ट द्वारा प्रतापमंडी रोड़ एवं बराड़ा रोड़ से होते हुए 'लोकतन्त्र का करो सम्मान, शत–प्रतिभा करो मतदान', 'जो बांटे दारू, साड़ी नोट उसको कभी न देंगे वोट', 'जिसने विकास को रोका, नही मिलेगा उसको मोका' 'आन–बान और शान से, सरकार बने मतदान से' आदि वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in

Ref. No. .......................... Date ..........................

801 / अ०क०म० / 2023 / 12430 25 जनवरी, 2023

देता हूँ' आदि नारों द्वारा लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित कर देशहित में अपना योगदान दिया। दोपहर 01:00 बजे ई०सी०आई० वेबसाइट पर प्रमोचित 'मैं भारत हूँ' गीत को महाविद्यालय की प्राचार्या एन०सी०सी० ऑफिसर तथा कैडेट्स द्वारा झुमते हुआ गायन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संतोष, डॉ० अंजू, डॉ० भारती शर्मा, डॉ० पूनम सिवाच, डॉ० हेमा सुखीजा, श्रीमती स्वाति अत्री, डॉ० स्वरित शर्मा, श्रीमती शैली, सुश्री शिवानी, श्रीमती सुनीता गुप्ता, उप अधीक्षक श्री राजेश आनन्द, श्री बलविन्द्र कुमार तथा एन०सी०सी० के 22 कैड्टस तथा महाविद्यालय की अन्य 30 छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्रचार्या

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चलाया जागरूकता अभियान

शाहाबाद मारकंडा, 25 जनवरी (मदन): आर्य कन्या महाविद्यालय में नोडल ऑफिसर ले0 डा. ज्योति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा वोटिंग बेमिसाल हैं, मैं अवश्य वोट देता हूं, थीम को लेकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदान अधिकार और मतदाता के रूप में उनकी जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतन्त्र का आधार मतदान है।

नोडल ऑफिसर तथा एन.सी.सी. ऑफिसर लै. ज्योति शर्मा ने मतदाता दिवस के बारे में विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि सन् 1950 में भारत के चुनाव आयोग की स्थापना दिवस को चिह्नित करते हुए वर्ष 2011 के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर संतोष, डा. अंजू, डा. भारती शर्मा, डा. पूनम सिवाच, डा. हेमा सुखीजा, स्वाति अत्री तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।



*शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में मत देने की शपथ दिलाते प्राचार्य।* (आजाद)